# डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान
## Dr. Ram Manohar Lohia Institute of Medical Sciences
विभूति खण्ड, गोमती नगर/Vibhuti Khand, Gomti Nagar
लखनऊ–226010 (उ.प्र.)/Lucknow-226010(U.P.) India


पत्र सं0– 053/डा0रा0म0लो0आ0सं0/डायटीशियन/2025 दिनॉक–15/04/2025

## कार्यालय ज्ञाप

संस्थान के समस्त छात्रावासों मे अध्यासित छात्र–छात्राओं (एम0बी0बी0एस0, इंटर्न्स, बी0एस0सी0 नर्सिंग) एवं रेजीडेन्ट डॉक्टर्स को सहर्ष सूचित किया जाता है कि Gem Sanction order no. 511687759307653 दिनांक 06.03.2025 द्वारा मे0 सनराज हॉस्पिटैलिटी प्रा0लि0, नई दिल्ली के साथ स्टूडेन्ट्स मेस संचालन का दिनांक 01.05.2025 से अगले तीन वर्षो के लिए अनुबन्ध हुआ है। यह व्यवस्था स्टूडेन्ट्स को उच्चगुणवत्ता का भोजन उचित रेट पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गयी है।

01. समस्त हॉस्टलर्स (एम0बी0बी0एस0,इंटर्न्स, बी0एस0सी0 नर्सिंग एवं रेजीडेन्ट्स) के लिए भोजन का शुल्क रु0 150.00 प्रतिदिन की दर से रु0 4,500.00 प्रतिमाह देय होगा। M.Sc.Student एवं JR/SR/DNB डॉक्टर्स हेतु यह मेस सुविधा लेना वैकल्पिक है।

02. Dayscholors हेतु लंच/डिनर का शुल्क रु0 80.00(वेज)/रु0 100.00(नॉनवेज) प्रतिभोजन है। गेस्ट विजिटर्स (पैरेन्ट्स) से हॉस्टल मेस मे भोजन करने का एकमुश्त शुल्क रु0 150.00 प्रतिदिन के हिसाब से लिया जायेगा।

03. (i) हॉस्टल मे रहने वाले समस्त यू0जी0 स्टूडेन्ट्स हेतु मेस सुविधा लेना अनिवार्य है तथा मेस देय की अन्तिम तिथि तक मेस फीस का भुगतान न करने वाले यू0जी0 स्टूडेन्ट्स को तत्काल प्रभाव से अगले 15 दिनों के लिए हॉस्टल से निलंबित कर दिया जायेगा तथा स्टूडेन्ट द्वारा लेट मेस फीस का भुगतान रु0 50.00 प्रतिदिन की वृद्धि फाइन के साथ किये जाने के पश्चात् हॉस्टल सुविधा पुर्नबहाल की जायेगी।

(ii) यदि अगले 15 दिनों के भीतर स्टूडेन्ट द्वारा मेस फीस फाइन सहित जमा नहीं की जाती है तो ऐसी परिस्थिति में उस स्टूडेन्ट का हॉस्टल अलॉटमेन्ट निरस्त कर दिया जायेगा। हॉस्टल मे बिताये दिनों के हिसाब से कटौती करते हुए स्टूडेन्ट की हॉस्टल फीस रिफंड कर दी जायेगी।

04. दस दिन या उससे अधिक अवधि तक हॉस्टल छोड़कर अवकाश पर जाने वाले स्टूडेन्ट को मेस फीस मे रिबेट प्राप्त करने हेतु स्टूडेन्ट को अपने वार्डन/चीफ वार्डन से एडवांस मे हॉस्टल छोड़कर जाने की अनुमति प्राप्त करनी होगी। जिससे कि अवकाश के दिनों की मेस फीस को अगले वित्तीय वर्ष मे समायोजित (adjust) किया जा सके।

05. (i) मेस स्टार्ट होने की तिथि दिनांक 01.05.2025 है। अगले 03 माह की मेस एडवांस फीस का भुगतान स्टूडेन्ट्स को संस्थान के खाता सं0–177301000222222 के QR Code पर अन्तिम तिथि 30.04.2025 तक करना अनिवार्य है। QR Code को स्टूडेन्ट्स के वॉट्सएप्प ग्रुप पर शेयर किया जायेगा। मेस फीस का भुगतान कर चुके स्टूडेन्ट्स के नाम चीफ वार्डन द्वारा प्रमाणित करने के पश्चात् मेस वेन्डर को भोजन कराने हेतु उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके लिए सभी स्टूडेन्ट्स को Payment confirmation self attested copy UTR नं0 सहित हॉस्टल कार्यालय मे जमा करना अनिवार्य है।

(ii) चूंकि मेस की शुरुआत होने मे 01 माह से भी कम का समय शेष है इसलिए दिनांक 30.04.2025 तक मेस फीस का भुगतान न करने स्टूडेन्ट्स को हॉस्टल से निलंबित किये बिना दिनांक 01.05.2025 से दिनांक 15.05.2025 तक लेट मेस फीस का भुगतान रु0 50.00 प्रतिदिन वृद्धि फाइन के साथ ऑफलाइन जमा करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। लेट मेस फीस का भुगतान करने के लिए स्टूडेन्ट्स को हॉस्टल कार्यालय से चालान प्राप्त करना होगा।

(iii) यदि दिनांक 30.04.2025 के पश्चात् किसी स्टूडेन्ट द्वारा संस्थान के QR Code पर भुगतान किया जाता है तो उस स्टूडेन्ट की मेस फीस हॉस्टल कार्यालय द्वारा प्रमाणित नहीं की जायेगी।

(प्रो0 प्रद्युम्न सिंह)
डीन, डॉ0रा0म0लो0आ0सं0
गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक संख्या– /डा0रा0म0लो0आ0सं0/डायटीशियन/2025 दिनॉक– /04/2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. निदेशक, डा0रा0म0लो0आ0सं0, गोमती नगर, लखनऊ।
02. वित्त अधिकारी, डा0रा0म0लो0आ0सं0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्तानुसार व्यवस्था करवाने का कष्ट करें।
03. अध्यक्ष, यू0जी0 कमेटी, डा0रा0म0लो0आ0सं0, लखनऊ।
04. चीफ वार्डन (ब्यॉवज एवं गर्ल्स हॉस्टल), डा0रा0म0लो0आ0सं0, लखनऊ।
05. सीनियर प्रोगामर को वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु।

(प्रो0 प्रद्युम्न सिंह)
डीन, डॉ0रा0म0लो0आ0सं0
गोमती नगर, लखनऊ।

Prof. Pradyumn Singh
Dean
Dr. RMLIMS, Lucknow (UP)